# विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट ऑनलाईन निविदा बाबत्

**क्रमांक. 595/जसंसं/फोटो/2026** **अटल नगर, दिनांक 04/02/2026**

## //निविदा प्रपत्र//

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र की कीमत | 2000/- (वापसी योग्य नही) |
| अमानत राशि | रूपये 2,00,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्री-बिड तिथि | दिनांक 12/02/2026 समय दोपहर 2:00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय अपरान्ह् 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय सायं 4:00 बजे |


## जनसम्पर्क संचालनालय

इन्द्रावती भवन, अटल नगर (छ.ग.)

फोन नंबर- 0771-2511422

**Web :- www.cg.nic.in/dpr, www.dprcg.gov.in**

# जनसंपर्क संचालनालय

# छत्तीसगढ़, रायपुर

**इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**

**फोन नं. 0771–2221614**

---

क्रमांक – 595 / जसंसं / 2026 नवा रायपुर, दिनाक 04 / 02 / 2026

## विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा सूचना

जनसंपर्क संचालनालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम–शर्तें छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट https://samvad.cg.inc.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रूपये 2,000 / – |
| प्री–बिड तिथि | दिनांक 12 / 02 / 2026 समय दोपहर 2:00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25 / 02 / 2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25 / 02 / 2026 समय सायं 4:00 बजे |

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3 बजे तक मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्ताव जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 3 बजे के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट https://samvad.cg.inc.in में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

**आयुक्त**

जनसंपर्क संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर

# जनसम्पर्क संचालनालय

## छत्तीसगढ़, रायपुर

इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर छ.ग.

**विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट आमंत्रित ऑनलाईन निविदा के नियम एवं शर्ते बाबत्**

जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी एवं फोटो एलबम तैयार कराए जाते हैं। जिसके लिए निविदा के माध्यम से दर निर्धारण कर फर्मों का इम्पैनलमेंट किया जाना है।

1. **फर्मों को निम्नलिखित दस्तावेजों को टेक्निकल बीड में ऑनलाईन स्वप्रमाणित प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।**

   (i) निविदाकार का स्थानीय कार्यालय/दुकान के पंजीयन (गुमास्ता लायसेंस) की सत्यापित प्रति अपलोड करना होगा।

   (ii) निविदाकार का पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति।

   (iii) निविदाकार का जीएसटी पंजीयन की स्वप्रमाणित प्रति। (CG-GST) एवं माह दिसम्बर 2025 की GSTR-3B की रिटर्न की प्रति।

   (iv) निविदाकार का कर निर्धारण वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 के आयकर रिटर्न के एकनॉलेजमेंट प्रतियों की स्वप्रमाणित प्रतियां।

   (v) निविदाकार का किसी चार्टर्ड एकाउटेंट से सत्यापित वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 का औसतन कम से कम राशि रू. 01 करोड़ का UDIN अंकित टर्नओव्हर प्रमाण–पत्र ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य है।

   (vi) अमानत राशि रूपए 2,00,000/– (दो लाख रू. बिना ब्याज के वापसी योग्य) एवं निविदा प्रपत्र शुल्क 2000/– (वापसी योग्य नहीं) जनसम्पर्क संचालनालय के बैंक खाता में ऑनलाइन/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा करना होगा एवं पावती/साक्ष्य की प्रति टेक्निकल बीड के साथ अपलोड करना होगा।

   **जनसम्पर्क संचालनालय के बैंक खाता का विवरण निम्नानुसार है :–**

   **Account Name : DIRECTORATE OF PUBLIC RELATIONS RAIPUR**
   **Bank Name : STATE BANK OF INDIA**
   **Branch Name : KUTCHERY**
   **Current Account : 32430400241**
   **IFSC Code : SBIN0003314**

   (vii) निविदाकार को 100/– रूपए का स्टाम्प पेपर में संलग्न प्रारूप अनुसार निर्धारित प्रारूप में नोटरी से सत्यापित यह शपथ पत्र दिया जाना होगा कि सम्बधित संस्था/व्यक्ति/फर्म द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेख पूर्णतः सही है, भविष्य में कोई प्रमाण–पत्र गलत पाए जाने पर उसे जनसम्पर्क संचालनालय की सूचीबद्धता से अगले एक वर्ष तक के लिए अपात्र घोषित कर दिया जायेगा। इस प्रमाण–पत्र में यह भी स्पष्टरूप से उल्लेखित किया जाना होगा कि संस्था किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय

संस्थाओं में ब्लेक लिस्टेड नहीं हैं, के समर्थन में शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है तथा शपथ पत्र एवं घोषणा पत्र की मूल प्रति कार्यालय में जमा किया जाना अनिवार्य है।

2. निविदाकार को विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी एलबम, ड्रोन फोटोग्राफी, के कार्य का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। (कार्यादेश/अनुभव प्रमाण–पत्र की प्रति अपलोड करना होगा)

3. निविदाकार को संस्था में कार्यरत मानव संसाधनों की सूची एवं अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

4. निविदाकार के पास स्वयं के स्वामित्व के नवीनतम एवं उच्च गुणवत्ता वाले आधुनिक तकनीक के कम से कम 10 कैमरा होना अनिवार्य है। साक्ष्य हेतु देयक का स्वप्रमाणित प्रति अपलोड किया जाना है।

5. जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा शासकीय फोटोग्राफी के लिए राजधानी रायपुर के 30 किलोमीटर परिधि एवं अटल नगर को जिला मुख्यालय माना जाएगा। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों से आशय 20 किलोमीटर तक का परिधि जिला मुख्यालय माना जाएगा तथा इससे अधिक जिला मुख्यालय से बाहर माना जाएगा।

6. निविदा में निर्धारित न्यूनतम दरों में टेक्निकल बिड में योग्य फर्मों का सहमति के आधार पर इम्पैनलमेंट किया जाएगा। निविदा में प्राप्त अधिकतम सामग्रियों में न्यूनतम दर वाले फर्म को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। निविदा के न्यूनतम दरों पर इम्पैनल्ड संस्था को राज्य या राज्य के बाहर और किसी भी स्थानों में कार्य सम्पादित करना होगा तथा कार्य सम्पादन पश्चात कार्यों की गुणवत्ता देखी जाएगी।

7. निविदाकार को जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा समय–समय पर जारी कार्यादेश अनुसार कार्य निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करना होगा एवं प्रदाय की जाने वाली सामग्री निर्धारित एवं उच्चतम मापदण्ड एवं गुणवत्ता का होना चाहिए। सौपें गए कार्यों में त्रुटि, लापरवाही या अन्य किसी प्रकार से जनसम्पर्क संचालनालय/शासन को किसी प्रकार की क्षति होती है एवं प्रदाय की गई सामग्री निम्न गुणवत्ता की पायी गयी तो सामग्री को अस्वीकार कर संबंधित फर्म को एक वर्ष के लिए ब्लेकलिस्ट किया जा सकेगा एवं निविदा के साथ जमा अमानत राशि राजसात कर दी जाएगी।

8. निविदाकार का लोकल ऑफिस रायपुर में होना अनिवार्य है, या फिर कार्य मिलने के 30 दिवस के भीतर लोकल ऑफिस सेटअप करना होगा।

9. निविदाकार को कार्यक्रम के दौरान अनुभवी फोटोग्राफर उपलब्ध कराना होगा। फोटोग्राफर के पास अच्छी गुणवत्ता तथा उच्च तकनीक के कैमरा व लेंस होना चाहिए, जिसमें वाईफाई फैसिलिटी हो।

10. निविदाकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटोग्राफर को कार्यक्रम पश्चात तत्काल जनसम्पर्क अधिकारी से फोटो का अवलोकन कराकर जनसम्पर्क संचालनालय के फोटो शाखा में समस्त फोटोग्राफ्स जमा करना होगा।

11. निविदाकार को समय–समय पर विशिष्ट फोटोग्राफर की आवश्यकता होने पर उच्च क्वालिटी कैमरा के साथ HI RANG TALLY & WIDE LENS व अन्य ब्लोक लेंस जिनमें CANDID PHOTO आती हो फोटोग्राफी किट रखना होगा। जिसका विवरण कार्यक्रम में संलग्न जनसम्पर्क अधिकारी को देना होगा।

12. निविदाकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटोग्राफर को जनसम्पर्क विभाग द्वारा निर्धारित जैकेट हमेशा पहनना होगा, ताकि कार्यक्रम में विभागीय फोटोग्राफर की पहचान हो सके।

13. निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए मानव संसाधनों की घटना–दुर्घटना में किसी प्रकार की क्षति होती है उनकी जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी और न ही किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति हेतु दावा कर सकेगा।

14. फोटोग्राफी हेतु स्थानीय या बाहर कार्यक्रम में जाने पर फोटोग्राफर का भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था सूचीबद्ध व्यक्ति/फर्म/संस्था द्वारा की जाएगी। फोटोग्राफर को फोटोग्राफी कार्य जनसम्पर्क अधिकारी के आदेशानुसार सम्पादित करना होगा, कार्य सम्पादित होने के पश्चात् तत्काल कार्यालय हेतु प्रस्थान करना होगा, जिससे अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने की रूपरेखा तैयार किए जा सके।

15. निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटोग्राफर को कार्यक्रम सम्पन्न होने के पश्चात कार्यक्रम के समस्त फोटो, फोटो शाखा में अपलोड कराने के पश्चात् देयक के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित चालान प्रस्तुत करना होगा। जिसे विभाग द्वारा देयक भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। नियमानुसार जीएसटी अतिरिक्त देय होगी।

16. एलबम उच्च गुणवत्ता का होना अनिवार्य है। जिसमें निम्न तथ्य शामिल होंगे–
    (i) कार्य की तत्कालिकता पर कार्यक्रम स्थल में प्रिन्टिंग व्यवस्था हेतु उच्च गुणवत्ता का प्रिन्टर, कम्प्यूटर, इन्टरनेट कनेक्शन एवं अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना होगा।
    (ii) कार्य की तत्कालिकता पर दक्ष डिजाईनर, डाटा मैनेजमेंट टीम, एलबम बाईन्डर उपलब्ध कराना होगा।
    (iii) कार्यक्रम कव्हरेज हेतु दक्ष फोटोग्राफर संपूर्ण कैमरा किट, अधिकतम रेंज के लेंस के साथ आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना होगा।
    (iv) एलबम रखने हेतु विशिष्ट डिजाईन का प्रेजेन्टेबल बॉक्स तैयार करना होगा।
    (v) तत्कालिक एलबम तैयार करने पर एलबम में लगाए जाने वाले फोटो का चयन सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

17. निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले विशिष्ट फोटोग्राफर एवं सामान्य फोटोग्राफर का प्रतिदिन 8 घंटे का दर निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।

18. निविदाकार को आवश्यतानुसार ड्रोन फोटोग्राफी हेतु उच्च गुणवत्ता के ड्रोन कैमरा उपलब्ध कराना होगा, जो ड्रोन फोटोग्राफी विभाग द्वारा फोटोग्राफी की अनुमति पश्चात विभागीय अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर फोटोग्राफी किया जाना है, जिसमें HI TECHNICAL ड्रोन या अन्य

ड्रोन का उपयोग किया जाना होगा। ड्रोन फोटोग्राफी हेतु दर निर्धारित प्रारूप में पृथक से प्रस्तुत करना होगा।

19. तकनीकी बिड में वित्तीय दर नहीं होना चाहिए यदि पाया गया तो बिड को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त जनसम्पर्क को होगा।

20. प्रस्तावित दर निर्धारित निविदा प्रपत्र में ऑनलाईन प्रस्तुत करें। दर प्रस्तुत करने के पूर्व विवरण में सामग्रियों की मॉडल/गुणवत्ता का उल्लेख करते हुए दर प्रस्तुत किया जाये।

21. प्राप्त निविदा दरों पर निगोशियेशन करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

22. निर्धारित न्यूनतम दर पर पैनल में शामिल फर्मों को समय-समय पर जारी कार्यादेश अनुसार कार्य जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा दिये गये स्थान एवं समयावधि में पूर्ण करना होगा।

23. निविदा की किसी भी शर्तों, नियम कंडिका को शिथिल करने अथवा संपूर्ण निविदा को किसी भी समय निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार आयुक्त जनसम्पर्क को होगा।

24. सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद होने पर अंतिम निपटारा आयुक्त जनसम्पर्क द्वारा किया जाएगा। उनका निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों को मान्य होगा।

25. न्यूनतम निर्धारित दरों पर कार्य किसी भी इम्पैनल्ड फर्मों की सेवा लेने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

26. स्वीकृत दर पर आवश्यकतानुसार सामग्री/फोटोग्राफर की सेवा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संबंधित निविदाकार की होगी, अनुपलब्धता की स्थिति में उनके विरूध्द नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी तथा अन्य इम्पैनल्ड फर्मों की सेवा लेने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।

27. सभी फोटोप्रिन्ट का सर्वाधिकार जनसंपर्क संचालनालय रायपुर का होगा। मासिक तथा प्रति कव्हरेज की न्यूनतम दर का चयन जनसंपर्क संचालनालय द्वारा किया जाएगा।

28. कैमरा एवं उपकरणों की क्रय संबंधी जानकारी जैसे क्रय किए गए जाने की तिथि, मूल्य, मॉडल नंबर का उल्लेख होना चाहिए।

29. निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कर्मचारी को फोटोग्राफी/ड्रोन फोटोग्राफी के संबंध में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए एवं जिस संस्था में कार्य किया है उसका कार्यादेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

30. चयनित संस्था के पास स्वयं का कम्प्यूटर, फोटोशाप एवं ई-मेल की सुविधा होना अनिवार्य है।

31. निविदाकार द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटोग्राफर को जनसंपर्क विभाग के निर्देशों के अनुसार जहां आवश्यक होगा भेजा जाएगा, न्यूनतम निविदा दर के अतिरिक्त यात्रा व्यय एवं अन्य किसी प्रकार के व्यय का पृथक से भुगतान नहीं किया जाएगा।

32. निविदाकार को उपकरणों का भौतिक सत्यापन एवं गुणवत्ता परीक्षण जनसंपर्क द्वारा कराए जाने के पश्चात ही न्यूनतम दर मान्य किया जाएगा।

33. चयनित निविदाकार का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निविदाकार से अनुबंध निरस्त कर दिया जाएगा तथा अमानत राशि राजसात कर ली जाएगी।

34. कार्यक्रमों के कव्हरेज का विवरण रजिस्टर में फोटोग्राफर द्वारा किया जाएगा। देयक प्रति माह 5 तारिख तक उपलब्ध कराना होगा।

35. स्वीकृत निविदा आदेश दिनांक से दो वर्ष के लिए मान्य होगा एवं कार्य संतोषजनक होने की स्थिति में अनुबंध की अवधि पुनः एक वर्ष की वृद्धि की करने का अधिकार आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा। इसके लिए पृथक से निविदा आमंत्रित नहीं की जाएगी।

36. निविदाएं छत्तीसगढ़ संवाद के वेबसाईट https://samvad.cg.nic.in में ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा।

(अ) तकनीकी बिड – निविदा शुल्क, अमानत राशि भुगतान पावती एवं अन्य वांछित अभिलेख अपलोड करना अनिवार्य है।

(ब) वित्तीय बिड– इसमें केवल वित्तीय भाव पत्र (दरें) निविदादाता द्वारा ऑनलाईन भरा जाना होगा।

37. उपरोक्त निविदा शर्तों में से किसी प्रकार के प्रपत्रों में कमी अथवा त्रुटिपूर्ण दस्तावेज संलग्न करने पर निविदा अमान्य कर दी जाएगी। निर्धारित समय पश्चात किसी प्रकार की दस्तावेज स्वीकार नहीं की जावेगी।

38. यह रूचि की अभिव्यक्ति मात्र सामग्रियों के दर निर्धारण एवं योग्य फर्मों का इम्पैनलमेंट हेतु आमंत्रित की जा रही है। न्यूनतम दर वाले निविदाकार को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। पैनल के फर्मों को कार्य आबंटन का अधिकार आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय के पास सुरक्षित रहेगा। निर्धारित दर आगामी आदेश तक प्रभावशील मानी जायेगी। इम्पैनलमेंट का अर्थ कार्य की प्रतिबद्धता नहीं है।

39. ड्रोन कैमरा में फोटोग्राफी हेतु ड्रोन फोटोग्राफी इस्पायर–2 या फेन्टम–4 ड्रोन कैमरे कीट के द्वारा अनुभवी एवं दक्ष ड्रोन फोटोग्राफर द्वारा हाई रिजोल्यूशन 1920×1080 HD RAW Formate के अंतर्गत किया जाना है। प्रतिदिन की दर में ड्रोन कैमरा, अनुभवी आपरेटर, वाहन, भोजन एवं सभी व्ययों को शामिल करके एकमुश्त दर प्रस्तुत करना है। जीएसटी अतिरिक्त देय होगी।

40. **आर्बिट्रेशन (मध्यस्थता)** –किसी प्रकार के विवाद उत्पन्न होने एवं 30 दिवस के अंदर समाधान नहीं होने की स्थिति में निर्णय हेतु मामला एकल आर्बिट्रेटर प्रमुख सचिव/सचिव, जनसंपर्क विभाग को अग्रेषित किया जाएगा एवं उनका निर्णय दोनों पक्ष को मान्य होगा। आर्बिट्रेशन की कार्यवाही आर्बिट्रेशन एवं कॉउंसिलेशन एक्ट 1996 के अधीन सम्पादित होगा।

41. निविदा से संबंधित किसी भी विवाद के लिए न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा।

42. निविदाकार को निविदा स्वीकृत होने पर राशि रू. 100 के स्टाम्प पर जनसम्पर्क संचालनालय के साथ निर्धारित प्रारूप में अनुबंध निष्पादित कर नोटरी से सत्यापित कराना होगा।

43. निविदा भरने का आशय यह होगा कि उपरोक्त सभी शर्तें मान्य है।

**आयुक्त**
**जनसम्पर्क संचालनालय**
**अटल नगर (छ.ग.)**

रू. 100/– के स्टाम्प पेपर में नोटरी से सत्यापित शपथ–पत्र निविदा के टेक्निकल बिड में प्रस्तुत करना होगा)

## शपथ–पत्र

मैं———————————संस्था प्रमुख निवासी ———————————जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा जारी निविदा हेतु प्रारूप, निर्धारित नियम एवं शर्त का पूर्ण रूप से अध्ययन करने के पश्चात ही उपरोक्त आवेदनपत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। हमारे फर्म द्वारा वैधानिक देय राशियों का शासन की संबंधित खातों में जमा किया गया है, कोई देय राशि बकाया नहीं है। उपरोक्त आवेदन में अंकित कोई भी जानकारी अपर्याप्त/अधूरी या फिर गलत पाई जाती है तो इसे अस्वीकार/निरस्त करने का तथा हमारी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार आयुक्त जनसम्पर्क को होगा। इस बारे में मेरे या संस्था के किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरह की अपील या आपत्ति किसी क्षेत्र में नहीं की जायेगी। मुझे जनसम्पर्क संचालनालय की उपरोक्त निविदा से संबंधित सभी नियम एवं शर्ते स्वीकार है। यह कि हमारी संस्था ——————————— किसी शासकीय और अर्द्ध शासकीय विभाग/निगम/मंडल इत्यादि द्वारा ब्लैक लिस्टेट (काली सूची) नहीं की गई है।

स्थान ..................

दिनांक ......................

हस्ताक्षर

(पूरा नाम)

संस्था का नाम व मोहर

## फोटो कव्हरेज हेतु निविदा वित्तीय दरें

(जीएसटी अतिरिक्त)

| क्र. | राजधानी रायपुर जिला मुख्यालय पर कव्हरेज की प्रतिदिन दर | | राजधानी रायपुर जिला मुख्यालय पर कव्हरेज की मासिक दर | | राज्य के अन्य जिला मुख्यालय पर मासिक दर | | राज्य के अन्य जिला मुख्यालय प्रतिदिन कव्हरेज दर | | जिला मुख्यालय से बाहर प्रतिदिन कव्हरेज दर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विशिष्ट फोटोग्राफर | सामान्य | विशिष्ट फोटोग्राफर | सामान्य | विशिष्ट फोटोग्राफर | सामान्य | विशिष्ट फोटोग्राफर | सामान्य | विशिष्ट फोटोग्राफर | सामान्य |
| नोट – विशिष्ट फोटोग्राफर–टैली लैंस, वाइड लैंस और उच्च गुणवत्ता कैमरे व फोटोग्राफरों के स्वल्पाहार एवं भोजन के साथ | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर

नाम / फर्म का नाम

पूर्ण पता.........................

..........................................

मो. नंबर............................

# विशिष्ट अवसर पर एलबम निर्माण हेतु वित्तीय दरें

(जीएसटी अतिरिक्त)

| क्रमांक | विवरण<br>उच्च गुणवत्ता में प्रिंटिंग, बाईडिंग एवं डिजाईनिंग के साथ एलबम की एकमुश्त दर :– | 30 सीट की उच्च गुणवत्ता का प्रतिनग एलबम दर साईज (इंच) | | | | | अतिरिक्त प्रतिसीट की दर साईज (इंच) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विशिष्ट अवसर पर एलबम निर्माण हेतु | 8x10 | 12x12 | 12x18 | 12x24 | 12x30 | 8x10 | 12x12 | 12x18 | 12x24 | 12x30 |
| | स्लिम मैट पेपर | | | | | | | | | | |
| | ग्लोसी मैट पेपर | | | | | | | | | | |
| | एलबम पैड | | | | | | | | | | |
| | एलबम बॉक्स | | | | | | | | | | |
| | गिफ्ट पैकिंग | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर

नाम/फर्म का नाम

पूर्ण पता.......................

.......................................

मो. नंबर..........................

| विशिष्ट अवसरों पर फोटो एलबम तैयार करने हेतु उपकरण एवं दक्ष मानव संसाधनों को कार्यक्रम स्थलों में उपलब्ध कराने हेतु प्रतिनग/प्रतिव्यक्ति दर – (जीएसटी अतिरिक्त) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | विशिष्ट अवसरों पर फोटो एलबम तैयार करने हेतु उपकरण एवं दक्ष मानव संसाधनों को कार्यक्रम स्थलों में उपलब्ध कराने हेतु प्रतिनग/प्रतिव्यक्ति दर | दर प्रतिदिन (रायपुर एवं नवारायपुर–अटल नगर में कार्यक्रम होने पर) | दर प्रतिदिन (रायपुर एवं नवारायपुर–अटल नगर के अलावा बाहर अन्य स्थलों पर कार्यक्रम होने पर) | कार्य स्थल पर पहुंचने के लिए लगने वाला यात्रा दिवस |
| 1. | उच्च गुणवत्ता के फोटोप्रिंटर का किराया | | | |
| 2. | हाईलेंस अच्छी किट के साथ दक्ष फोटोग्राफर (विशिष्ट) | | | |
| 3. | हाईलेंस अच्छी किट के साथ दक्ष फोटोग्राफर का दर (सामान्य) | | | |
| 4. | लैपटॉप की दर | | | |
| 5. | डाटा डीवाईस की दर | | | |
| 6. | दक्ष डिजाईनर की दर | | | |
| 7. | डाटा मैनेजमेंट हेतु दक्ष मानव संसाधन की दर | | | |
| 8. | इंटरनेट कनेक्शन की दर | | | |
| 9. | वाईफाई राऊटर | | | |
| 10. | कम्प्यूटर सेटअपर मॉनिटर के साथ | | | |

हस्ताक्षर

नाम/फर्म का नाम

पूर्ण पता........................

........................................

मो. नंबर........................

# ड्रोन फोटोग्राफी दर

(जीएसटी अतिरिक्त)

| क्र. | राजधानी रायपुर जिला मुख्यालय पर कव्हरेज की प्रतिदिन दर | | राज्य के अन्य जिला मुख्यालय पर कव्हरेज की प्रतिदिन दर | |
|---|---|---|---|---|
| | **MAVIK 3** | **AIR-2/AIR-3** | **MAVIK 3** | **AIR-2/AIR-3** |
| | | | | |

हस्ताक्षर

नाम/फर्म का नाम

पूर्ण पता........................

........................................

मो. नंबर...........................